भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1531**

13 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

## आंध्र प्रदेश में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर

**1531. श्री केसिनेनी शिवनाथ:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों की संख्या कितनी है;

**(ख)** इन क्लस्टरों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या आंध्र प्रदेश राज्य से उक्त योजना के अंतर्गत कोई नए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ङ)** यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत नए प्रस्ताव स्वीकार करेगी; और

**(च)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) और (ख):** पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में परियोजना लागत और अनुमोदित अनुदान सहायता सहित अनुमोदित कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों का विवरण, निम्नानुसार है:-

***करोड़ रुपये में***

| वित्त वर्ष | राज्य | ज़िला | परियोजना का नाम | अनुमोदन का दिनांक | परियोजना लागत | अनुमोदित अनुदान सहायता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2019-20** | | | **शून्य** | | | |
| **2020-21** | | | **शून्य** | | | |
| **2021-22** | | | **शून्य** | | | |
| **2022-23** | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर | मेसर्स चरण बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | 10.11.2022 | 29.00 | 9.86 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एनटीआर | मेसर्स गामा बायोटेक फार्म्स | 10.11.2022 | 28.06 | 9.43 |
| **2023-24** | आंध्र प्रदेश | एलुरु | मेसर्स रमनसिंह ग्लोबल फूड पार्क | 20.11.2023 | 25.85 | 10.00 |
| | | नेल्लोर | मेसर्स एमआर एग्रोटेक इंडस्ट्रीज | 20.11.2023 | 28.76 | 10.00 |
| | | पूर्वी गोदावरी | मेसर्स श्री ललिता एंटरप्राइजेज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | 28.02.2024 | 48.66 | 10.00 |
| | | विजयनगरम | मेसर्स आलमंधा फूड पार्क | 28.02.2024 | 20.78 | 10.00 |
| | | रंगा रेड्डी | मेसर्स जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड | 28.02.2024 | 217.78 | 10.00 |
| **2024-25** | | | शून्य | | | |

परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

**(ग) से (च):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु निवेशकों को अनुदान सहायता/सब्सिडी के रूप में सहायता प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों (एपीसी) के लिए अवसंरचना सृजन योजना को लागू कर रहा है । ए.पी.सी. योजना एक मांग आधारित योजना है और इसके अंतर्गत निधि की उपलब्धता के अनुसार समय-समय पर मंत्रालय द्वारा जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति ( ईओआई ) के विरुद्ध इस योजना के लिए आवेदन संभावित निवेशकों/उद्यमियों से ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं । मंत्रालय जैसे ही और जब ईओआई आमंत्रित करता है, इच्छुक उद्यमी लागू दिशानिर्देशों के अनुसार, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के लिए उपलब्ध सहायता प्राप्त करने हेतु संपदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य से एपीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

*अनुबंध*

**दिनांक 13 फरवरी , 2025 को उत्तर हेतु “आंध्र प्रदेश में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर” के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1531 के भाग (ग) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**<u>पिछले पांच वर्षों के दौरान एपीसी योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा :</u>**

| वित्त वर्ष | परियोजना का नाम | ज़िला | जमा करने की तारीख |
|---|---|---|---|
| **2019-20** | साईबालाजी इंडस्ट्रियल एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | अनंथापुरमु | 13/05/2019 |
| | एसोशिएशन ऑफ लेडी इंट्रेप्रेन्युअर्स ऑफ इंडिया | पूर्वी गोदावरी | 31/05/2019 |
| | साईबालाजी इंडस्ट्रियल एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | अनंथापुरमु | 02/08/2019 |
| | रासीड | चित्तूर | 09/08/2019 |
| | साईबालाजी इंडस्ट्रियल एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | अनंथापुरमु | 31/10/2019 |
| | सुचो एग्रोटेक | वाईएसआर | 29/11/2019 |
| | एसोशिएशन ऑफ लेडी इंट्रेप्रेन्युअर्स ऑफ इंडिया | पूर्वी गोदावरी | 30/11/2019 |
| | साईबालाजी इंडस्ट्रियल एग्रो प्राइवेट लिमिटेड | अनंथापुरमु | 29/02/2020 |
| **2020-21** | सीआरपीएल विशाखापत्तनम कोल्ड चेन प्राइवेट लिमिटेड | विशाखापत्तनम | 31/07/2020 |
| | सीआरपीएल विशाखापत्तनम कोल्ड चेन प्राइवेट लिमिटेड | विशाखापत्तनम | 31/08/2020 |
| | गुडीवाड़ा राजेशराराव | विजयनगरम | 30/10/2020 |
| | सिंहपुरी फार्मर्स एग्री पार्क्स प्राइवेट लिमिटेड | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 30/11/2020 |
| | मंथेना सत्यनारायण राजू | कृष्ण | 30/11/2020 |
| **2021-22** | शून्य | शून्य | शून्य |
| **2022-23** | केपीएस एग्रो एंड इंड प्राइवेट लिमिटेड | कुरनूल | 06/08/2022 |
| | सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए सोसायटी | एनटीआर | 08/08/2022 |
| | केपीएस एग्रो एंड इंड प्राइवेट लिमिटेड | कुरनूल | 09/08/2022 |
| | चरण बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | अनंथापुरमु | 10/08/2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | इंटरनेशनल कॉमर्स लिमिटेड | अनंथापुरमु | 10/08/2022 |
| | गामा बायोटेक फार्म्स | एनटीआर | 10/08/2022 |
| | गामा बायोटेक फार्म्स | एनटीआर | 19/08/2022 |
| | नव क्वालिटी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | तिरुपति | 20/08/2022 |
| | एनएक्यू सीफूड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | अनकापल्ली | 20/08/2022 |
| | चरण बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | अनंथापुरमु | 20/08/2022 |
| **2023-24** | आलमन्धा फूड पार्क | विजयनगरम | 20/09/2023 |
| | रमनसिंह ग्लोबल फूड पार्क | एलुरु | 20/09/2023 |
| | एमआर एग्रोटेक इंडस्ट्रीज | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 20/09/2023 |
| | स्लानुटक फ़ूड प्रोसेसिंग लिमिटेड | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 20/11/2023 |
| | हिमाजा एग्रो टेक | पालनाडु | 22/11/2023 |
| | इंटरनेशनल कॉमर्स लिमिटेड | अनंथापुरमु | 22/11/2023 |
| | आलमन्धा फूड पार्क | विजयनगरम | 22/11/2023 |
| | आलमन्धा फूड पार्क | विजयनगरम | 12/12/2023 |
| | वर्च्यु बाउंटीफुल क्लस्टर | बापतला | 15/12/2023 |
| | इंटरनेशनल कॉमर्स लिमिटेड | अनंथापुरमु | 15/12/2023 |
| | ललिता एंटरप्राइजेज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | पूर्वी गोदावरी | 15/12/2023 |
| **2024-25** | शून्य | शून्य | शून्य |

*****